एक नजर

धूमधाम से निकला बजेहरा का प्राचीन जलविहार जुलूस

महमूदाबाद (सीतापुर)।बजेहरा गांव में अचारी दास बाबा स्थान से निकलने वाले ऐतिहासिक जलविहार शोभायात्रा के मौके पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था तथा गाजे-बाजे के साथ जलविहार महोत्सव समिति के पदाधिकारियों ने पूजन-अर्चन कर शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा में आधा दर्जन से अधिक झांकियाँ सजाई गयी। भाद्रपद पूर्णिमा को होने वाला बजेहरा का ऐतिहासिक जलविहार महोत्सव भीषण बारिश व चक्रवाती तूफान के चलते स्थगित कर दिया गया था और उसे कार्तिक पूर्णिमा में आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया था। सदरपुर के बजेहरा में रविवार की दोपहर करीब एक बजे से पुष्पों आदि से सुसज्जित रथ पर विराजमान भगवान की मूर्तियों की आरती के बाद शोभायात्रा शुरू हुई। शोभायात्रा की समाप्ति पर भक्तों ने गगनभेदी जयकारों के साथ भगवान वामन की आरती की। शोभायात्रा का पूरे गांव में लोगों ने स्थान-स्थान पर स्वागत किया, भगवान की आरती उतारी, प्रसाद चढ़ाया और शोभायात्रा में शामिल लोगों को जलपान कराया। ऐतिहासिक श्री जलविहार महोत्सव के अवसर पर निकली शोभा यात्रा में ट्रैक्टर-ट्रालियों पर बनाई गयी मनोहारी झाकियों राधा-कृष्ण, मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, मां सीता, दुर्गा मां का दरबार, विघ्नहर्ता भगवान गणेश, महाकाल भगवान शिव दरबार आदि के विभिन्न स्वरूपों की साज-सज्जा देखते ही बनती थी।

विवाहिता की मौत

महमूदाबाद (सीतापुर)। संदिग्ध परिस्थितियों में नवविवाहिता की हालत बिगड़ गई। विवाहिता को परिजन सीएचसी महमूदाबाद लेकर पहुंचे जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई शुरू की। मदारपुर बाबूपुर की पूनम देवी (26) की शादी छह माह पूर्व अप्रैल में सदरपुर के नदईपुरवा के पंकज के साथ हुई थी। पूनम की तबियत बिगड़ने पर सीएचसी महमूदाबाद लाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। थानाध्यक्ष आशुतोष मिश्र ने बताया कि मृतका के बीमार होने पर परिजन सीएचसी लेकर गए थे जहां उसकी मौत हो गई है। अभी तक मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है।

मार्ग दुर्घटना में बाइक सवार घायल

महमूदाबाद (सीतापुर)। घर जा रहे बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार गंभीर घायल हो गया। घायल को सीएचसी महमूदाबाद में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद गम्भीर हालत में उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। रामपुर मथुरा के सरैया मसूदपुर निवासी अमित कुमार (20) पुत्र रामप्रकाश बाइक से घर वापस जा रहे थे। डफरा स्थित पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर में अमित घायल हो गया। राहगीरों ने एम्बुलेंस की सहायता से सीएचसी महमूदाबाद भेजा। जहां ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।

पेड़ से टकराई अनियंत्रित बाइक, हिस्ट्रीशीटर की मौत

सीतापुर। रामपुर कला थाना क्षेत्र में रविवार सुबह सड़क हादसे में एक हिस्ट्रीशीटर की मौत हो गई। देर रात उनकी बाइक धीरपुर गांव के पास सड़क किनारे लगे जंगल जलेबी के पेड़ से टकरा गई थी। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। रविवार सुबह ग्रामीणों ने सड़क किनारे बाइक और पास की झाड़ियों में शव पड़ा देखा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की। खालसापुर निवासी इंदल कुमार (48) देर रात अपनी प्लैटिना बाइक से बेहमा की ओर से भद्रास जा रहे थे। धीरपुर गांव के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे जंगल जलेबी के पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद उनका शव सड़क किनारे झाड़ियों में जा गिरा। रविवार सुबह शौच के लिए निकले ग्रामीणों ने सड़क किनारे बाइक और झाड़ियों में शव पड़ा देखा। उन्होंने तुरंत बेहमा चौकी प्रभारी को सूचना दी। जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। बाद में मृतक की पहचान खालसापुर निवासी इंदल कुमार के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार, इंदल कुमार हिस्ट्रीशीटर था और उसके खिलाफकरीब 20 मुकदमे दर्ज थे। चौकी प्रभारी ने बताया कि इंदल कुमार का पहले हाफएनकाउंटर भी हो चुका था। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

गोसाईगंज में हिमाचल के विधायक मालेन्द्र राजन का स्वागत

गोसाईगंज, अयोध्या। कांग्रेस के चुनाव पर्यवेक्षक बनाए गए हिमाचल प्रदेश के विधायक मालेन्द्र राजन का रविवार को गोसाईगंज में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। अक्षत पैलेस में कांग्रेस के भावी विधानसभा प्रत्याशी मनोज जायसवाल के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में विधायक को माला पहनाकर और बुके भेंटकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर मालेन्द्र राजन ने कहा कि पार्टी ने उन्हें 'वोट बचाओ-देश बचाओ' अभियान की जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगे। अभियान को सफल बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने अयोध्या पहुंचकर प्रभु श्रीराम के दर्शन करने की इच्छा भी जताई।मनोज जायसवाल ने विधायक का स्वागत करते हुए कार्यकर्ताओं से अभियान को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री नकुल दुबे भी मौजूद रहे। कांग्रेस नेताओं ने संगठन की एकजुटता के साथ अभियान को सफल बनाने का संदेश दिया।इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष चेत नारायण सिंह, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी शारदा देवी जायसवाल, ईश्वरदास जायसवाल, पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव राजदेव वर्मा, अकबाल हुसैन, राज प्रताप, आशीष गुप्ता, कौलेश गुप्ता, जौवाद हसन, भगौती प्रसाद गुप्ता, ब्लॉक अध्यक्ष राज प्रताप सिंह, रामसूरत सोनी और सौरभ सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

दीपोत्सव से चमकी कुम्हारों की किस्मत, लाखों दीयों के ऑर्डर से घरों में लौटी खुशहाली

अयोध्या। दीपोत्सव ने अयोध्या के कुम्हार परिवारों के लिए रोजगार के नए अवसर खोले हैं। मिट्टी के दीयों की बढ़ती मांग से कारीगरों को बड़े ऑर्डर मिल रहे हैं। जयसिंहपुर गांव के बृज किशोर प्रजापति को एक लाख और राजेश प्रजापति को दो लाख दीये बनाने का ऑर्डर मिला। कारीगरों का कहना है कि दीपोत्सव के चलते पारंपरिक काम से अच्छी आमदनी होने लगी है और युवाओं का रुझान भी इस ओर बढ़ा है।**इलेक्ट्रिक चाक से बढ़ा उत्पादन**जयसिंहपुर, विद्याकुंड और सोहावल के ड्योढ़ी गांव में कुम्हार परिवार दीपोत्सव की तैयारियों में जुटे हैं। घरों में मिट्टी गूंथने से लेकर दीये बनाने और सुखाने तक का काम तेजी से चल रहा है। इलेक्ट्रिक चाक के इस्तेमाल से उत्पादन क्षमता बढ़ी है और दीयों की गुणवत्ता में भी सुधार हुआ है। कारीगरों के मुताबिक, बड़े ऑर्डर मिलने से परिवार के सदस्यों को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिल रहा है।दीपोत्सव के तहत सात नवंबर को राम की पैड़ी पर 30 लाख दीप प्रज्ज्वलित करने का लक्ष्य रखा गया है। आयोजन की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, क्वीन हो मेमोरियल पार्क स्थित घाट के गोदाम में 15 लाख दीप पहुंच चुके हैं। आयोजन को सफल बनाने के लिए अवध विश्वविद्यालय के छात्र, अधिकारी और स्वयंसेवी संगठन जुटे हैं। व्यवस्थाओं में सहयोग के लिए करीब 35 हजार स्वयंसेवकों को लगाए जाने की जानकारी दी गई है। **पारंपरिक हुनर को मिल रहा बढ़ावा**दीपोत्सव के विस्तार से मिट्टी के दीये बनाने की परंपरा को नया बाजार मिल रहा है। कारीगरों को उम्मीद है कि मांग बढ़ने से उनकी आमदनी में सुधार होगा और नई पीढ़ी भी इस हुनर को अपनाने के लिए प्रोत्साहित होगी।

चोरी के आईफोन और नकदी के साथ वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अयोध्या। कोतवाली नगर पुलिस ने चोरी के मामलों में वांछित अभियुक्त रवि गौड़ (26) निवासी हैदरगंज, अयोध्या को 25 अक्टूबर 2026 की रात 2:39 बजे पोस्टमार्टम हाउस के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, अभियुक्त के कब्जे से चोरी का आईफोन 14, तीन एलन-की और 3,950 रुपये बरामद किए गए हैंपुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार अभियुक्त दो चोरी के मुकदमों में वांछित था। उसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट और आबकारी अधिनियम समेत अन्य मामलों में भी पूर्व में मुकदमे दर्ज हैं।

सार्वजनिक सूचना

मै शौकत अली सार्वजनिक रूप से सूचित करता हूँ कि मेरा बड़ा पुत्र बरकतउल्ला उर्फचांद बाबू एवं उसकी पत्नी आसमा मेरे साथ मारपीट व गाली-गलौज करते हैं तथा विधि.विरुद्ध कार्य करते हैं। इससे क्षुब्ध होकर मैं अपने उक्त पुत्र को अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। भविष्य में उसके किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **प्रार्थी -शौकत अली पुत्र शहजाद अली निवासी राजा नौगइयां, तहसील कैसरगंज, जनपद बहराइच।**

चित्रकला प्रतियोगिता में अनन्या राजपूत व जान्हवी शुक्ला ने बाजी मारी

सीतापुर। राष्ट्रीय सेवा परिषद के द्वारा शहर के बड़े डाकखाना के निकट अग्रवाल पब्लिक इंटर कॉलेज मे चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता मे गुरु नानक एजुकेशन इंस्टिट्यूट, हिन्दू कन्या पाठशाला, विवेकानन्द पब्लिक स्कूल, लखनऊ पब्लिक स्कूल, आर पी चिल्ड्रन्स हाई स्कूल, सरस्वती विधा मंदिर जूनियर हाई स्कूल, किंग जार्ज अकादमी, विश्वम्भर दयाल इंटर कालेज, अग्रवाल पब्लिक इंटर कालेज, जय अम्बे बाल शिक्षा निकेतन जूनियर हाई स्कूल, तुलसी शिशु विधा मंदिर, पंडित तेज राम सरस्वती विधा मंदिर, बापू बालक विद्यालय,सरस्वती विधा मंदिर उ मा विद्यालय, स्टडी पॉइंट इंटर कॉलेज, स्टडी पॉइंट स्कूल, अमन पब्लिक स्कूल, शिव शक्ति पब्लिक स्कूल, स्टडी वेळ पब्लिक स्कूल, आर एम पी इंटर कालेज, गौरी बाल विधा मंदिर आदि विद्यालय के सैंकड़ो बच्चो मे प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता दो ग्रुप मे आयोजित हुई ग्रुप जूनियर ग्रुप अ के छात्र छात्राओं को स्वच्छ भारत अभियान, परोपकार व सीनियर ग्रुप ब मे पर्यावरण प्रदूषण, यातायात परिवहन जागरूकता, नशा मुक्ति जागरूकता विषय पर चित्रकला बनानी थी। कार्यक्रम मे निर्णायक की भूमिका का निर्वहन वरिष्ठ चित्रकला बॉम्बे आर्ट के शिक्षक ब्रजेश गुप्ता ने की। कार्यक्रम का संयोजन जिला संयोजक अशोक प्रजापति रहे। कार्यक्रम मे अतिथी राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश राय राष्ट्रीय महासचिव शिव बालक त्रिवेदी, लेखा परीक्षक उमा शंकर गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष रत्नेश द्विवेदी, मंडल अध्यक्ष सचिन त्रिपाठी, मंडल महासचिव राम कुमार कटियार व अग्रवाल पब्लिक स्कूल की प्रबंधक मंजू जिंदल रही। प्रतियोगिता मे ग्रुप अ कक्षा 5 से 8 मे अनन्या राजपूत स्टडी वेल पब्लिक स्कूल प्रथम, कल्पना प्रसाद हिन्दू कन्या पाठशाला ने द्वितीय, अंशिका गौतम सरस्वती विधा मंदिर जूनियर हाई स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ग्रुप ब कक्षा 9 से 12 मे जान्हवी शुक्ला अग्रवाल पब्लिक इंटर कॉलेज प्रथम, वसुंधरा गुरुनानक एजुकेशन इंस्टिट्यूट द्वितीय, मुस्कान रस्तोगी पंडित तेजराम सरस्वती विधा मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विवेकानंद पब्लिक स्कूल की छात्रा प्रतीक्षा सिंह व अग्रवाल पब्लिक स्कूल की छात्रा विधि सिंह को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। प्रतियोगिता मे विजय सभी प्रतिभागियों को अतिथियों ने पटका, स्मृति चिन्ह व प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद सभी प्रतिभागियों को परिषद के पदाधिकारियों ने प्रशस्ती पत्र देकर सम्मनित किया। कार्यक्रम के अंत मे जिला अध्यक्ष विजय शुक्ला व विधि परामर्श केन्द्र की अध्यक्ष रेखा द्विवेदी ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह व पटका पहना कर आभार जताया।

हवन-पूजन के दौरान झुलसी महिला की मौत, चार वर्षीय बेटी पहले ही तोड़ चुकी है दम

रामनगर, बाराबंकी। थाना क्षेत्र के पुरैना गांव निवासी 28 वर्षीय कोमल पत्नी विक्रम की रविवार को लखनऊ ट्रामा सेंटर में उपचार के दौरान मौत हो गई। वह 26 सितंबर को जरवलरोड थाना क्षेत्र के गोंदौरा गांव के कड़ेरा में हवन-पूजन के दौरान आग लगने से करीब 90 प्रतिशत झुलस गई थी। इस घटना में घायल चार वर्षीय मासूम आयुषी की पहले ही मौत हो चुकी है, जबकि कोमल का बेटा सिद्धार्थ लखनऊ में जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है।

उनकी बेटी पर पेट्रोल डालकर आग लगाई गई थी। उनका कहना है कि कोमल बार-बार पेट्रोल डालकर जलाए जाने की बात कह रही थी। रविवार शाम कोमल का शव पुरैना गांव पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया।

पीईटी के लिए 13 केंद्रों पर सख्ती

सीतापुर। रविवार को प्रारंभिक अर्हता परीक्षा के लिए 13 परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। केंद्रों पर अभ्यर्थियों की तीन स्तरों पर सघन तलाशी ली जा रही है। जांच के दौरान आभूषण, माला और धागे तक उतरवाए जा रहे हैं। विवाहित महिला अभ्यर्थियों को पायल और चूड़ियां उतारकर अपने परिजनों को सौंपनी पड़ीं। जिले में पीईटी दो पालियों में आयोजित की जा रही है। दोनों पालियों में कुल 11,184 अभ्यर्थी शामिल होंगे। प्रत्येक पाली में 5,592 अभ्यर्थियों के परीक्षा देने की व्यवस्था की गई है। पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक सम्पन्न हुई। परीक्षा को शांतिपूर्ण और नकलविहीन ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए हैं। सुरक्षा व्यवस्था में 7 क्षेत्राधिकारी (सीओ), 13 इंस्पेक्टर और 26 सब इंस्पेक्टर समेत कुल 512 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। प्रवेश से पहले अभ्यर्थियों की बारीकी से जांच की जा रही है, ताकि कोई प्रतिबंधित सामग्री परीक्षा कक्ष तक न पहुंच सके। परीक्षा केंद्रों के आसपास भी निगरानी रखी जा रही है। सभी केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में फोटोकॉपी की दुकानें बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन का उद्देश्य परीक्षा के दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी रोकना और प्रक्रिया को पारदर्शी बनाए रखना है। परीक्षा केंद्रों पर निर्धारित समय के अनुसार जांच के बाद अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया जा रहा है। पुलिसकर्मियों की तैनाती के साथ केंद्रों के आसपास भी निगरानी की जा रही है, ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई जा सके।

सीतापुर में आठ साल की बच्ची से दुष्कर्म का आरोप, हालत गंभीर, लखनऊ रेफर

पानी लेने निकली बच्ची को बहाने से गन्ने के खेत में ले जाने का आरोप, केस दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

सीतापुर। महोली कोतवाली क्षेत्र में आठ साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोप है कि ग्राम प्रधान के यहां काम करने वाला अशोक यादव बच्ची को बहलाकर गन्ने के खेत में ले गया और वारदात को अंजाम देने के बाद उसे वहीं छोड़कर फरार हो गया। काफी देर तक तलाश के बाद परिजनों को बच्ची खेत में बेसुध हालत में मिली। परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे लखनऊ रेफर कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, शनिवार शाम बच्ची घर से पानी लेने के लिए नल पर गई थी। आरोप है कि इसी दौरान अशोक यादव उसे खिलाने-पिलाने का लालच देकर अपने साथ ले गया। इसके बाद वह बच्ची को सुनसान जगह पर स्थित गन्ने के खेत में ले गया। वारदात के बाद आरोपी मौके से भाग निकला। बताया जा रहा है कि घटना के समय वह नशे में था। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

काफी देर तलाश के बाद खेत में मिली बच्ची

बच्ची के काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिजन उसकी तलाश करने लगे। बाद में वह गन्ने के खेत में बेसुध हालत में मिली। होश में आने पर बच्ची ने परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजन उसे तत्काल जिला अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए लखनऊ रेफर कर दिया।

मजदूरी कर परिवार चलाते हैं पिताबच्ची के पिता खेतों में काम करके परिवार का भरण-पोषण करते हैं। परिवार में पांच साल की एक बेटी और एक साल का बेटा भी है। घटना के बाद से परिवार सदमे में है। परिजनों ने आरोपी की जल्द गिरफ्तारी और उसके खिलाफकड़ी कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी

घटना की जानकारी सामने आने के बाद क्षेत्र में आक्रोश है। महोली कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जेबी पांडे के मुताबिक, तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। मामले की जांच के साथ घटना से जुड़े तथ्यों की पड़ताल की जा रही है।

संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव मिला

मवई, अयोध्या। पटरंगा थाना क्षेत्र के पैगंबर नगर मजरे बसौढ़ी में रविवार सुबह एक 40 वर्षीय युवक का शव घर के अंदर कमरे में साड़ी के फंदे से लटकता मिला। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस घटना के कारणों की जांच कर रही है। मृतक की पहचान अमरनाथ गौतम (40) पुत्र माधवराम गौतम के रूप में हुई है। शनिवार रात वह दूसरे मकान में सोने चला गया था। रविवार सुबह काफी देर तक उसके नहीं उठने पर परिजन उसे देखने पहुंचे। कमरे में शव लटकता देखकर परिवार के लोग घबरा गए पुलिस को सूचना दी। हाईवे चौकी प्रभारी राज कुमार पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर आवश्यक कार्रवाई पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

देवा मेला में फायर सेफ्टी और छोटे दुकानदारों के रोजगार पर डीएम का विशेष जोर



बाराबंकी। ऐतिहासिक देवा मेला-2026 में इस बार अग्नि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के साथ छोटे दुकानदारों के संरक्षण और रोजगार के अवसर बढ़ाने पर विशेष जोर रहेगा। जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने स्पष्ट किया कि मेले में आने वाले छोटे व्यापारियों की सुरक्षा और सुविधाओं का ध्यान रखना प्राथमिकता है। व्यवस्थाएं बेहतर होंगी तो जायरीन की आमद बढ़ेगी, मेले की रौनक बढ़ेगी और खरीद-फरोख्त के साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। फायर सेफ्टी के मद्देनजर बाजार का भी निरीक्षण कराया जाएगा, ताकि संभावित जोखिमों की पहचान कर समय रहते जरूरी इंतजाम किए जा सकें।जिलाधिकारी ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि सूफी संत हाजी वारिस अली शाह की पावन नगरी में 27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक आयोजित होने वाला ऐतिहासिक देवा मेला आस्था, अध्यात्म और अवध की गंगा-जमुनी तहजीब का प्रतीक है। दस दिवसीय मेले में धार्मिक एवं आध्यात्मिक आयोजनों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम, कव्वाली, मुशायरा, कवि सम्मेलन, भजन संध्या, खेलकूद प्रतियोगिताएं और मनोरंजन की विविध गतिविधियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी।**सुरक्षा के साथ दुकानदारों की आजीविका पर नजर**डीएम ने मेले की व्यवस्थाओं में सुरक्षा और रोजगार, दोनों को महत्वपूर्ण बताया। छोटे दुकानदारों को बेहतर माहौल और संरक्षण मिलने से उनकी बिक्री बढ़ने की संभावना है। मेले में बड़ी संख्या में जायरीन और श्रद्धालु पहुंचते हैं, जिससे स्थानीय व्यापार, खानपान, हस्तशिल्प और अन्य कारोबारों को गति मिलती है। ऐसे में प्रशासन का प्रयास रहेगा कि आगंतुकों को सुविधाजनक माहौल मिले और दुकानदार भी सुरक्षित तरीके से अपना कारोबार कर सकें।फायर सेफ्टी की दृष्टि से बाजार का निरीक्षण कर आग से बचाव के उपायों की समीक्षा की जाएगी। मेले में भीड़, अस्थायी दुकानों और बिजली के उपयोग को देखते हुए अग्नि सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाएं महत्वपूर्ण रहेंगी। प्रशासन ने यातायात, पार्किंग, स्वच्छता, पेयजल, स्वास्थ्य सेवाओं और सुरक्षा व्यवस्था को भी प्रभावी बनाए रखने पर जोर दिया है।**सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सजेगी सुरों और अदब की महफिल**मेले में 28 अक्टूबर को सुगम संगीत की संध्या और इंडियन आइडल फेम मोहम्मद दानिश की म्यूजिकल नाइट होगी। 29 अक्टूबर को चादर अर्पण, स्थानीय कलाकारों की कव्वाली और सीरतुन्नबी, जबकि 30 अक्टूबर को भजन संध्या और मानस कार्यक्रम आयोजित होंगे। 31 अक्टूबर को स्वर झंकार, गजल नाइट में अविनाश मिश्रा और सूफी ख्याल बैंड की प्रस्तुति होगी।एक नवंबर को रंग-ए-झूम और कबीर कैफे बैंड की सूफी नाइट, दो नवंबर को मुशायरा, तीन नवंबर को 'धरोहर और गूंज' कार्यक्रम तथा कवि सम्मेलन आयोजित होगा। चार नवंबर को 'परिधान-ए-अवध' फैशन शो के साथ प्रख्यात गायक जावेद अली की मेगा नाइट मेले का प्रमुख आकर्षण रहेगी।**खेलकूद और रचनात्मक प्रतियोगिताएं भी होंगी**मेले में हॉकी, कबड्डी, दंगल, वॉलीबॉल, क्रिकेट और बैडमिंटन प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इसके साथ वाद-विवाद, निबंध, मेहंदी, चित्रकला, रंगोली और बेबी-शो जैसी गतिविधियों के माध्यम से बच्चों और युवाओं को प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। माध्यमिक और बेसिक शिक्षा विभाग के सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे।**इको-फ्रेंडली आतिशबाजी से होगा समापन**पांच नवंबर को शाम चार बजे से सात बजे तक समापन समारोह आयोजित किया जाएगा। इस दौरान स्मारिका का विमोचन और प्रशस्ति पत्र वितरण होगा। इसके बाद पुलिस अधीक्षक रवीना त्यागी की मौजूदगी में इको-फ्रेंडली आतिशबाजी के साथ मेले का समापन होगा।प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपर जिलाधिकारी एवं देवा मेला कमेटी के सचिव निरंकार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी विवेक तिवारी, संयुक्त मजिस्ट्रेट एवं एसडीएम नवाबगंज गुंजिता अग्रवाल, सीओ सिटी मो. आफताब आलम और प्रभारी सूचना अधिकारी मयंक तिवारी सहित पत्रकार मौजूद रहे।

एक नजर

विजयदशमी पर संघ का शौर्य और अनुशासन टिकैतगंज में भव्य पथ संचलन

निंदूरा। विजयदशमी के पावन अवसर पर रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से अशोक विद्या मंदिर, टिकैतगंज में विजयदशमी उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। उत्सव के बाद राष्ट्र निर्माण, सामाजिक एकता और राष्ट्रीय चेतना का संदेश देते हुए संघ का परंपरागत पथ संचलन निकाला गया, जिसमें सैकड़ों स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत अशोक विद्या मंदिर परिसर में हुई। मुख्य वक्ता के रूप में जिला सह कार्यवाह पारितोष ने स्वयंसेवकों को संबोधित किया। उन्होंने राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों, सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन और संगठित समाज के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत को परम वैभव पर ले जाने के लिए प्रत्येक स्वयंसेवक को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। उत्सव के उपरांत दोपहर करीब 3:50 बजे अशोक विद्या मंदिर से अनुशासित पथ संचलन प्रारंभ हुआ। कदम से कदम मिलाते हुए स्वयंसेवक घोष की धुन पर बाबागंज मोड़ से होते हुए टिकैतगंज कस्बे में पहुंचे। वहां से ठाकुरद्वारा होते हुए कुंडवा तिराहे तक गए और मुख्य मार्ग से गुजरते हुए वापस अशोक विद्या मंदिर पहुंचकर संचलन का समापन हुआ। संचलन के दौरान मार्ग में जगह-जगह नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। पूरे मार्ग पर स्वयंसेवकों का अनुशासन, उत्साह और राष्ट्रभक्ति देखते ही बन रही थी। कार्यक्रम ने राष्ट्र के प्रति समर्पण और सेवा भाव का संदेश दिया। इस अवसर पर अमित गुप्ता, मुकेश सिंह, राजू रामदास, आशीष सोनी, दीपक, शिवसागर, श्रीश, विशाल, प्रदीप, रितेश सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

आग लगने से नकदी-जेवरात समेत लाखों का सामान राख, छत ढही

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी। तहसील क्षेत्र के सैदनपुर गांव में शनिवार देर रात एक कच्चे मकान में अचानक आग लगने से नकदी, सोने-चांदी के जेवरात, कपड़े, बिस्तर, बर्तन समेत गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। आग की तपिश से मकान की एक कोठरी की छत भी भरभराकर गिर गई। हादसे में परिवार को लाखों रुपये का नुकसान होने की बात कही जा रही है। गांव निवासी आरिफ अंसारी पुत्र गुलाम मोहम्मद के घर में देर रात अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे मकान को अपनी चपेट में ले लिया। लपटें उठती देख आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। मसूद रियाज की सूचना पर उपजिलाधिकारी सिरौलीगौसपुर अनिल कुमार सरोज ने नायब तहसीलदार दिनेश कुमार पांडेय के नेतृत्व में राजस्व टीम को मौके पर भेजा। नायब तहसीलदार ने बताया कि आग से हुए नुकसान का आंकलन किया जा रहा है।

पूर्व विधायक शरद ने कार्यकर्ताओं संग सुनी 'मन की बात'

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी। भाजपा के पूर्व विधायक शरद अवस्थी ने रविवार को ग्राम औरेला स्थित प्राचीन शिव मंदिर परिसर में बूथ संख्या 334 और 335 के कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का 139वां संस्करण सुना।कार्यक्रम के बाद पूर्व विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री 'मन की बात' के माध्यम से देश के आम नागरिकों की उपलब्धियों, भारतीय संस्कृति, परंपराओं और राष्ट्र निर्माण में लोगों के योगदान को सामने लाते हैं। उनके विचार समाज को सकारात्मक कार्यों के लिए प्रेरित करते हैं।इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने, 'वोकल फॉर लोकल' को अपनाने, स्वच्छता अभियान को गति देने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक सहित भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।

महर्षि वाल्मीकि जयंती पर 26 अक्टूबर को सार्वजनिक अवकाश घोषित

बाराबंकी। उत्तर प्रदेश शासन ने महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर सोमवार, 26 अक्टूबर 2026 को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। शासन के सामान्य प्रशासन अनुभाग की ओर से 25 अक्टूबर को जारी विज्ञप्ति में इसकी जानकारी दी गई है।शासन ने 17 नवंबर 2025 को जारी सार्वजनिक अवकाश संबंधी विज्ञप्ति में संशोधन करते हुए 26 अक्टूबर को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। यह अवकाश निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट, 1881 के तहत घोषित अवकाश नहीं होगा। शासन की पूर्व विज्ञप्ति के अन्य प्रावधान यथावत रहेंगे।

कांग्रेस नेत्री ने कई गांवों का दौरा कर किया जन सम्पर्क

बिसवां नगर, सीतापुर। संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए कांग्रेस ने जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। इसी क्रम में शनिवार को कांग्रेस नेत्री एवं पूर्व सदस्य महिला आयोग शमीना शफीक ने विभिन्न गांवों का दौरा कर लोगों से संपर्क किया। उन्होंने एक नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में प्रस्तावित जनसभा में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की। जनसंपर्क के दौरान संविधान के मूल सिद्धांतों की रक्षा, मताधिकार की पवित्रता, बेरोजगारी और महंगाई जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। शमीना शफीक ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने और संविधान की रक्षा के लिए जनता की भागीदारी जरूरी है। उन्होंने लोगों से जनसभा में शामिल होकर अपनी आवाज बुलंद करने का आह्वान किया। इस दौरान पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष रमेश गौर, रम्मी, अब्दुल करीम अंसारी, काशीराम भार्गव, मोहम्मद हसन, अंकित यादव और रामकुमार सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

गन्ना किसानों को शरदकालीन बुवाई के तरीके बताए

सीतापुर। अटरिया में सहकारी गन्ना विकास समिति ऐशबाग और बलरामपुर चीनी मिल्स हैदरगढ़ ने मिलकर एक किसान गोष्ठी की। इसमें किसानों को शरदकालीन गन्ना बुवाई, उन्नत किस्मों और आधुनिक खेती के तरीकों से कमाई बढ़ाने की जानकारी दी गई। गोष्ठी की अध्यक्षता समिति संचालक दिनेश प्रकाश सिंह और अशोक कुमार सिंह ने की। गन्ना किसान संस्थान, लखनऊ के अरुण कुमार ने किसानों को को.0118, 98014, को.लख.14201, 16202 और को.शा.13235 जैसी उन्नत किस्मों को ट्रेंच विधि से बोने की सलाह दी। शरदकालीन गन्ने की खेती से अच्छा उत्पादन मिल सकता है। किसान गन्ने की दो कतारों के बीच आलू, मटर, सरसों, चना, मसूर, गेहूं और सब्जियों जैसी फसलें उगाकर ज्यादा कमाई भी कर सकते हैं।